संख्या– 854(1)/आठ–1–23–08बैठक/2017

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
गाजियाबाद/मेरठ/लखनऊ/कानपुर/वाराणसी/बुलन्दशहर/उन्नाव–शुक्लागंज/बरेली/हापुड़–पिलखुवा एवं गोरखपुर विकास प्राधिकरण।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊ: दिनांक: 30 अक्टूबर, 2023**

विषय:– वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रदेश के मार्गों के अनुरक्षण/नवीनीकरण/गड्ढ़ामुक्ति के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–854/आठ–1–23–08बैठक/2017, दिनांक 20 अक्टूबर, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश के मार्गों के अनुरक्षण/नवीनीकरण/गड्ढ़ामुक्ति किये जाने के साथ ही कतिपय बिन्दुओं पर कार्यवाही करते हुये कृत कार्यवाही की अद्यतन आख्या उपलब्ध कराये गये जाने के निर्देश दिये गये हैं। किन्तु आपके द्वारा मार्गों के अनुरक्षण/नवीनीकरण/गड्ढ़ामुक्ति के जो लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं उन्हें अब तक पूर्ण नहीं किया गया है, जबकि शासन स्तर से उक्त कार्य की समयावधि 30.10.2023 तक निर्धारित की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया मार्गों के अनुरक्षण/नवीनीकरण/ गड्ढ़ामुक्ति के सम्बन्ध में जो लक्ष्य आप द्वारा निर्धारित किये गये हैं उक्त लक्ष्य की पूर्ति किये जाने की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में करते हुए कृत्य कार्यवाही की अद्यतन सूचना से शासन को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित कि प्रदेश के मार्गों के अनुरक्षण/नवीनीकरण/गड्ढ़ामुक्ति के संबंध में दिये गये निर्देशों के अनुपालन हेतु समस्त सम्बंधितों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए समेकित सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अरूण कुमार)
अनु सचिव।

E: GO 2022